लापरवाही | सड़कों पर फैली हैं मिट्टी, नहीं लगाया गया नया ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में असंतोष

# अधूरे काम से नल-जल योजना पर उठे सवाल

**शहडोल नवभारत 9 मार्च।** ग्राम पंचायत चुहिरी में संचालित नल-जल योजना के कार्य को लेकर ग्रामीणों में भारी असंतोष देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा योजना का कार्य बेहद लापरवाही और मनमाने तरीके से कराया जा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार लगभग एक महीने पहले पाइपलाइन डालने के लिए गांव की सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे खोदे गए थे, लेकिन अब तक उन गड्ढों को ठीक से भरा नहीं गया है। कई स्थानों पर पाइपलाइन खुली छोड़ दी गई है। खुदाई की गई मिट्टी सीसी रोड पर ही फैला दी गई है, जिससे आवागमन के दौरान भारी धूल उड़ती है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खुले गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटना होने की आशंका भी बनी हुई है।



### पानी लगातार सड़क पर बह रहा है

इसके अलावा जिन घरों में नल-जल कनेक्शन दिया गया है, वहां समान रूप से पानी वितरण के लिए फरल (वितरण उपकरण) और टोटी नहीं लगाई गई है। इसके कारण पानी लगातार सड़क पर बह रहा है और पानी की बर्बादी हो रही है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि योजना में नया ट्रांसफार्मर लगाने का प्रावधान होने के बावजूद ठेकेदार द्वारा नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है।

### कार्य की जांच करने की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि फिलहाल पुराने ट्रांसफार्मर से ही कनेक्शन लेकर पंप चलाया जा रहा है। इससे ग्रामीणों में यह आशंका बढ़ रही है कि ट्रांसफार्मर के नाम पर आने वाली राशि में गड़बड़ी की गई है। गांव के लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र ही इस कार्य की जांच कराकर गुणवत्तापूर्ण तरीके से काम पूरा नहीं कराया गया तो वे प्रशासन के समक्ष शिकायत दर्ज कराने को मजबूर होंगे।

# प्रभात बने कांग्रेस कमेटी शहडोल के नगर अध्यक्ष

▶ कांग्रेस ने जारी की नगर अध्यक्षों की सूची, संगठन को मजबूत करने की पहल



**नवभारत, शहडोल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति से जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने जिले में संगठन को और अधिक सक्रिय व सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न नगरों के लिए नगर अध्यक्षों की नियुक्ति की है। जारी सूची में जिले के प्रमुख नगरों में संगठन की कमान नए पदाधिकारियों को सौंपी गई है। जारी आदेश के अनुसार प्रभात पाण्डेय को शहडोल नगर अध्यक्ष, अजय जायसवाल को जयसिंहनगर नगर अध्यक्ष, हरिसिंह बरगाही को ब्यौहारी नगर अध्यक्ष, राजेन्द्र सोनी को खांड नगर अध्यक्ष, मोहम्मद साबिर को धनपुरी नगर अध्यक्ष, हर्ष पाठक को बुढ़ार नगर अध्यक्ष तथा जवाहर राव को बकहो नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने बताया कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से यह नियुक्तियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की परंपरा रही है कि कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाए। आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए पार्टी संगठन को अधिक सक्रिय बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है।

अजय अवस्थी ने कहा कि नवनियुक्त नगर अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में पार्टी की विचारधारा और संगठन की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। साथ ही स्थानीय स्तर पर जनता की समस्याओं को सुनकर उन्हें पार्टी मंच के माध्यम से प्रभावी ढंग से उठाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी नगर अध्यक्ष पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ कार्य करते हुए संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे।उन्होंने सभी नवनियुक्त नगर अध्यक्षों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे पार्टी के प्रति समर्पण भाव से कार्य करेंगे और कांग्रेस को नगर स्तर पर और अधिक मजबूत बनाएंगे। जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने बताया कि इन नियुक्तियों से संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी आएगी और पार्टी की जनहितकारी नीतियों को आमजन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।





# करोड़ों की लागत से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुहिरी में पसरा सन्नाटा

▶ अस्पताल में हमेशा जड़ा रहता है ताला

**नवभारत, गोहपारू।** बताया जाता है कि विगत 4 वर्षों से ग्राम पंचायत चुहिरी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नवीन निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद अभी तक प्रशासन द्वारा अस्पताल का ताला नहीं खुलवाया गया। वल्कि चुहिरी अस्पताल के नाम गोहपारू सी एच सी में पर्ची कटती जबकि मरीजों के इलाज गोहपारू में होती है। यही नहीं सबसे बड़ा सवाल यह है कि अस्पताल चुहिरी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नाम विधिवत शासकीय कर्मचारी की भर्ती है जिनके बेतन गोहपारू मुख्यालय से ही बनती है। लेकिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का ओपनिंग तक नहीं होंने की ग्रामीणों द्वारा बताया गया है। बड़े ही शर्म की बात ग्रामीणों ने कहा है कि पहले भवन का अभाव रहा अब करोंड़ों की लागत से भवन हो गया है फिर भी इलाज के लिए शहडोल गोहपारू क्षेत्र के लोग जाते हैं।

## जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आज



**नवारत, शहडोल ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने जानकारी दी है कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत स्थानीय पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उददेश्य से 11 मार्च 2026 को प्रात: 10:30 बजे से एक दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन महात्मा गांधी स्टेडियम शहडोल में किया जाएगा।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रतिभाओं और संगठनों का सम्मान

**नवभारत, शहडोल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्थानीय विधि महाविद्यालय शहडोल के सभागार में बढ़ते कदम परंपरागत संस्कृति एवं साहित्य शोध समिति एवं सहकार भारती शहडोल के संयुक्त तत्वावधान में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले की महिला प्रतिभाओं, सामाजिक संगठनों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री (कुटीर एवं ग्रामोद्योग) दिलीप जयसवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति मिश्रा उपस्थित रहीं। मंच पर पूर्व नपा अध्यक्ष सत्यभामा गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. गोपाल निगम, प्रदेश महामंत्री संगीता शुक्ला तथा जिलाध्यक्ष किरण सिंह भी मौजूद रहीं।




कार्यक्रम में ग्राम चोरमरी (ब्लॉक गोहपारू) की सांस्कृतिक टीम ने सरदारी लाल कोल के नेतृत्व में पारंपरिक शैला नृत्य, दुलदुल घोड़ी नृत्य एवं फाग की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। मांदर और नगड़िया की थाप पर कलाकारों की प्रस्तुति ने विंध्य की समृद्ध लोक संस्कृति को जीवंत कर दिया।इस अवसर पर नगर की प्रतिभाशाली बेटियां ऋषिता अग्रवाल एवं शक्ति चतुर्वेदी को छत्तीसगढ़ में न्यायाधीश पद पर चयनित होने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए विभिन्न महिला संगठनों को भी सम्मानित किया गया, जिसमें इनर व्हील क्लब शहडोल को प्रथम, दिव्य मुस्कान क्लब शहडोल को द्वितीय तथा वैश्य महिला मंडल शहडोल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सम्मानित संस्थाओं को गमले तथा फलदार, छायादार और पुष्पों के पौधे भी वितरित किए गए। अपने संबोधन में राज्य मंत्री दिलीप जयसवाल ने कहा कि प्रदेश के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्व-सहायता समूहों, आजीविका मिशन और लघु कुटीर उद्योगों के माध्यम से महिलाओं द्वारा किए जा रहे आर्थिक सशक्तिकरण की सराहना की। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के पदाधिकारी सहित अनुराधा गुप्ता, निर्मला गुप्ता, शांति गुप्ता, अंजना गुप्ता, शोभा रत्नम, शुभदीप खरे तथा अधिवक्ता संजय श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरसरी मिश्रा ने किया।

# अस्मिता खेलो इंडिया वूमेन योगासन लीग में योगाचार्य शिवाकान्त शुक्ला रहे मुख्य निर्णायक

**नवभारत,शहडोल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भारत सरकार के खेल मंत्रालय एवं योगासन भारत के तत्वावधान में शासकीय मॉडल साइंस कॉलेज रीवा में अस्मिता खेलो इंडिया विमेन योगासन सिटी लीग का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विंध्य क्षेत्र की महिला खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योगासन की उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता की निष्पक्षता और तकनीकी मानकों को सुनिश्चित करने के लिए शहडोल के युवा राष्ट्रीय योगासन जज योगाचार्य शिवाकान्त शुक्ला को मुख्य निर्णायक (चीफ जज) की जिम्मेदारी सौंपी गई। उनके नेतृत्व में निर्णायक मंडल में मुकेश तिवारी, सुशील कुशवाहा, शशांक सागर द्विवेदी, आदर्श पांडे और शुभम कुशवाहा शामिल रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया।



### राशि मिश्रा और उजेफा बानो प्रथम

प्रतियोगिता में रीवा, सीधी, सतना, शहडोल और सिंगरौली जिलों की 10 से 55 वर्ष तक की महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। लीग को पारंपरिक एकल, कलात्मक युगल और कलात्मक समूह श्रेणियों में आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न कठिन योगासन और मुद्राओं का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।प्रतियोगिता में शहडोल की राशि मिश्रा और उजेफा बानो ने कलात्मक युगल वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों खिलाड़ियों को उनके कोच शिवेंद्र त्रिपाठी के मार्गदर्शन में यह सफलता मिली। कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, सचिव दिनेश सिंह ठाकुर एवं संयुक्त सचिव गीता प्रसाद पांडे के मार्गदर्शन में रीवा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व विधायक के.पी. त्रिपाठी और सीएसपी राजीव पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि डॉ. इंदिरा मिश्रा और सुशांत शेखर सिंह विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। आयोजन ने महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हुए विंध्य क्षेत्र में योगासन को एक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।




# क्षमता वर्धन कार्यक्रम हुआ आयोजित

**नवभारत, गोहपारू ।** ग्राम महुआटोला में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के क्षमता वर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम के सदस्यों को विकास से जुड़ी योजनाओं एवं सामाजिक गतिविधियों के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों को जन अभियान परिषद द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही स्वैच्छिक संस्थाओं की भूमिका, उनके माध्यम से होने वाले सामाजिक कार्यों तथा ग्रामीण विकास में उनकी भागीदारी के विषय में भी बताया गया।इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान के महत्व पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों को अपने गांव और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही वृक्षारोपण के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ग्राम के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और ग्राम विकास से संबंधित विषयों पर अपने विचार भी साझा किए। इस प्रकार यह क्षमता वर्धन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

आयोजन | फसल प्रक्षेत्र दिवस का किया गया आयोजन

# प्राकृतिक जीवाणु से भूमि की बढ़ती है उर्वरा शक्ति

**नवभारत, शहडोल ।** कृषि विज्ञान केन्द्र शहडोल द्वारा ग्राम चटहा में चना फसल पर प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. ब्रजकिशोर प्रजापति ने किसानों को बताया कि फसलों में जैव उर्वरक इस्तेमाल करने से वायुमण्डल में उपस्थित नत्रजन पौधों को सुगमता से उपलब्ध होती है तथा भूमि में पहले से मौजूद अघुलनशील फास्फोरस आदि पोषक तत्व घुलनशील अवस्था में परिवर्तित होकर पौधों को आसानी से उपलब्ध होते हैं। जीवाणु प्राकृतिक हैं, इसलिए इनके प्रयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ती है और पर्यावरण पर विपरीत असर नहीं पड़ता। चना फसल में फली छेदक कीट फली बनने पर फलियों में छेदकर दानों को खाकर क्षति पहुंचाता है। इसके नियंत्रण हेतु रोकथाम के लिए सबसे पहले यौन आकर्षण जाल फेरोमैन ट्रैप द्वारा नियमित निगरानी करते रहें जैसे ही 5-6 नर कीट/ट्रैप 24 घंटे के अन्दर मिलने शुरू हो जाए तो नियंत्रण तकनीक अपनायें। इसके अतिरिक्त न्यूक्लियर पॉलीहेड्रोसिस विषाणु का 250 लार्वा समतुल्य प्रति हैक्टर की दर से छिड़काव करें एवं परभक्षियों के लिये खेत में टी आकार की लकड़ी लगा दें। उसके साथ ही नीम के तेल के 5 प्रतिशत घोल का छिड़काव करें।




डॉ. प्रजापति ने बताया कि नैनो-उर्वरक पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में बहुत कम मात्रा में उपयोग किए जाते हैं, जिससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटती है। ये पौधों को आवश्यक मैक्रो और माइक्रो-पोषक तत्व प्रदान करते हैं, जिससे पौधों की रोग प्रतिरोधक क्षमता और तनाव सहने की क्षमता बढ़ती है। ये उर्वरक पौधों के विकास को बढ़ावा देते हैं, पोषक तत्वों के अवशोषण को बढ़ाते हैं, जिससे पैदावार और गुणवत्ता बढ़ती है, और अंततः किसानों की आय में वृद्धि होती है। नैनो-उत्पाद और जैविक उत्पाद (जैसे सागरिका) मिट्टी और पर्यावरण के लिए सुरक्षित हैं, प्रदूषण कम करते हैं और मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करते हैं। एक किलो बीज में 5 मिली नैनो डीएपी का उपयोग कर सकते हैं। अच्छे परिणाम के लिए 30-35 दिन की फसल में 4 मिली प्रति लीटर पानी से खड़ी फसल में छिड़काव कर सकते हैं। कृषि अभियांत्रिकी, वैज्ञानिक श्री दीपक चैहान ने किसानों को बताया कि कृषि उत्पादकता को बढ़ाने में सिंचाई जल का एक अहम योगदान है, खाद्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि ऐसी तकनीकों को उपयोग में लाया जाये, जो न केवल जल संरक्षण में सहायक हो अपितु फसलों की उत्पादकता भी बढ़ाए। जल प्रबंधन की शुरुआत कृषि क्षेत्र से करनी चाहिए, सर्वाधिक मात्रा में कृषि कार्यों में ही जल का उपयोग किया जाता है तथा सिंचाई में जल का दुरुपयोग एक गंभीर समस्या है। हमारे देश में अधिकांशत: खेतों में सिंचाई के लिये कच्ची नालियों द्वारा पानी लाया जाता है, जिससे तकरीबन 30-40 फीसदी पानी रिसाव की वजह से बेकार चला जाता है। बूंद-बूंद सिंचाई, बौछार (फव्वारा तकनीकी) तथा खेतों के समतलीकरण से सिंचाई में जल का दुरुपयोग रोका जा सकता है।



# ग्राम पंचायत भुरसी और बुधसार की महिला सरपंच दिल्ली में होगी सम्मानित

**नवभारत, शहडोल ।** अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह ने जानकारी दी है कि एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन 11 मार्च को मध्यप्रदेश भवन दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। मध्यप्रदेश से 25 लोगो को नामांकित किया गया है जिसमें 15 सरपंच 04 मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं 03 जिला परियोजना प्रबंधक आरजीएसए एवं 03 कन्सलटेन्ट भोपाल से नामांकित है। शहडोल जिले से जनपद पंचायत गोहपारू की ग्राम पंचायत भुरसी की सरपंच श्रीमती रामकली सिंह एवं जनपद पंचायत जयसिंहनगर की ग्राम पंचायत बुधसार की सरपंच सुनीता सिंह महिला जनप्रतिनिधि को दिल्ली में सम्मानित होने हेतु पंचायत राज संचालनालय भोपाल के द्वारा नामांकित किया गया है।